गुजरात कॉनेक्स के लिए केडीसीएल और जीसीए के साथ हाथ मिलाने पर गर्व है - मेसे मुएनचेन इंडिया

भारत में सबसे बड़ी राज्य अर्थव्यवस्थाओं में से गुजरात आज के समय में अंडर कंस्ट्रक्शन मल्टी बिलियन डॉलर इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करने के लिए कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट और हैवी व्हीकल इंडस्ट्री के लिए रोमांचक अवसर प्रदान करने जा रहा है। बौमा कॉनेक्स्पो इंडिया के माध्यम से इस उद्योग की सेवा करने के व्यापक अनुभव के साथ, मेसे मुएनचेन इंडिया को को-ऑर्गनाइजर के एंड डी कम्युनिकेशन लिमिटेड (केडीसीएल) और ज्वाइंट ऑर्गेनाइजर गुजरात कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के साथ गुजरात कॉनेक्स 2023 को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है.

गुजरात कॉनेक्स का यह इनॉग्रल एडिशन भारत के वेस्टर्न रीजन के लिए सैटेलाइट शो के रूप में काम करेगा, जबकि मुख्य शो बौमा कॉनेक्स्पो इंडिया हर अल्टरनेटर ईयर में ग्रेटर नोएडा में अपने मेन एडिशन के माध्यम से पैन इंडिया मार्केट में सर्विस जारी रखेगा। गुजरात कॉनेक्स 21-23 सितंबर 2023 को गांधीनगर के हेलीपैड एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

वर्तमान में गुजरात में क्रियान्वित की जा रही कुछ बेहद महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स के साथ, यह एग्जीबिशन, कॉन्फ्रेंस, नेटवर्किंग ऑप्चुर्युनिटी, बायर-सेलर प्लेटफॉर्म और ऐसे कई टच प्वाइंट के माध्यम से लोकल इंडस्ट्री इनसाइट और इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन को एक साथ लाने के लिए सही प्लेटफार्म के रूप में काम करेगी। गुजरात कॉनेक्स इस क्षेत्र की प्रमुख इंफ्रा डेवलपमेंट कंपनियों, प्रोजेक्ट एडवाइसर और डिशिजन मेकर को भी एक साथ लाएगा, जिससे बॉयर और सप्लयार के बीच अवसरों के गैप को कम किया जा सकेगा।

नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में देश के 1.4 ट्रिलियन डॉलर के निवेश को ध्यान में रखते हुए, गुजरात वर्तमान में दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (डीएमआईसी), अहमदाबाद मुंबई बुलेट ट्रेन, धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और कई अन्य सहित 25 मेगा प्रोजेक्ट निष्पादित कर रहा है। इस प्रकार के बड़े और कॉम्पलेक्स प्रोजेक्ट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग इक्यूपमेंट की आवश्यकता होती है, और गुजरात कोनेक्स 2023 डोमेस्टिक इकोसिस्टम के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और सॉल्यूशन को डिलीवर करने के लिए सही प्लेटफॉर्म तैयार

करेगा।
ज्वाइंट ऑर्गेनाइजर की ओर से गुजरात कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन (जीसीए) के चेयरमैन और पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद पटेल ने कहा, भारतीय कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री दुनिया में सबसे विकसित कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में से एक है, और देश में आज आयोजित होने वाली एग्जीबिशन का स्तर ग्लोबल स्टैंडर्ड के बराबर है। उदाहरण के लिए, बौमा कॉनेक्स्पो इंडिया 2023 लेटेस्ट मैन्युफैक्चरिंग इक्विपमेंट और सॉल्यूशन एक ही छत के नीचे लाया, इस प्रकार भारतीय इकोसिस्टम के लिए समय और लागत बचत प्रदान की। गुजरात कॉनेक्स का यह इनॉग्रल एडिशन राज्य के इन्फ्रा सेक्टर में बड़े पैमाने पर अवसरों प्रदर्शित करेगा साथ ही लोकल इंडस्ट्री अपने इनोवेशन की मजबूत क्षमता को प्रदर्शित करेंगी।”
चेयरमैन, बौमा कॉनेक्स्पो इंडिया के चेयरमैन और लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और कंस्ट्रक्शन एंड माइनिंग मशीनरी बिजनेस के हेड अरविंद गर्ग, ने कहा, हम गुजरात कॉनेक्स के इस इनॉग्रल एडिशन को सपोर्ट करके खुश हैं। देश के वेस्टर्न रीजन में बेहतर कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में वाइब्रेंट कंस्ट्रक्शन एक्टिविटी देखी जा रही है। हम लोकल इंडस्ट्री के साथ विचारों का आदान-प्रदान करने और लेटेस्ट कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी के साथ इस बाजार तक पहुंचने में प्रसन्न हैं। मैं आयोजन टीम को शुभकामनाएं देता हूं और गुजरात कॉनेक्स के पहले सफल संस्करण की प्रतीक्षा कर रहा हूं।”
मेसे मुएनचेन इंडिया के सीईओ भूपिंदर सिंह ने कहा, “गुजरात में आज देश में सबसे एडवांस कंस्ट्रक्शन और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ईकोसिस्म है। गुजरात कॉनेक्स के माध्यम से, हम नॉलेज शेयरिंग और पार्टनरशिप के जरिए और विकास करना चाहते हैं। आज, इक्विपमेंट इंडस्ट्री देश की स्वदेशीकरण, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता, ऊर्जा दक्षता और स्थिरता की जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से इनोवेशन कर रही है। इस संबंध में, हम केडीसीएल के सहयोग से गुजरात कॉनेक्स को लॉन्च करके बहुत खुश हैं।”
को-ऑर्गेनाइजर और के एंड डी कम्युनिकेशन लिमिटेड (केडीसीएल) के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर कमलेश गोविल ने कहा, “गुजरात की एक अनुभवी एग्जीबिशन कंपनी के रूप में, हम इंटरनेशनल ट्रेड फेयर ऑर्गनाइजर मेसे मुएनचेन इंडिया और ज्वाइंट ऑर्गनाइजर गुजरात कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के साथ कोलैबोरेट करके खुश हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्रीज आज एक महत्वपूर्ण राष्ट्र

निर्माता और रोजगार सृजक है, और हम वैश्विक मानकों के अनुरूप स्थानीय रूप से प्रासंगिक ट्रेड शो को क्यूरेट करके इस मार्केट की सेवा करके खुश हैं।

गुजरात कॉनेक्स 21-23 सितंबर 2023 को गांधीनगर के हेलीपैड एग्जीबिशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा।